Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 16-07-2022 | अंक 286

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### सड़क दुर्घटना में बाइकसवार घायल



विष्णुगढ़ हजारीबाग रोड एनएच 100 स्थित आठमील मोड़ के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में बाइकसवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान प्रखंड के मोसरीतरी निवासी रामजी मांझी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वे विष्णुगढ़ से तेल पेराकर अपने घर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान आठमील मोड़ के पास बाइक असंतुलित होकर एक साइकिल सवार से टकरा गई। जिससे वे गिर पड़े। उनके सिर में गंभीर चोटें आई है। वहीं, साइकिल सवार कुशल है। गंभीर अवस्था में उन्हें विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर इलाज किया गया।

APEM LIVE

# बरही के तीन पंचायतों में पंचायत हेल्प डेस्क सेंटर का उद्घाटन

## पंचायत हेल्प डेस्क सेंटर से श्रमिकों को मिलेगा लाभ : मनोज रजक



कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मनोज रजक एवं अन्य



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही (हजारीबाग : प्रखंड अंतर्गत झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के श्रम सम्मान परियोजना के तहत शनिवार को तीन पंचायतों में पंचायत हेल्प डेस्क (पीएचडी) सेंटर का उद्घाटन किया गया। जिन पंचायतों में पंचायत हेल्पडेस्क का उद्घाटन किया गया। जिसमे बरसोंत, विजैया व बरही पूर्वी पंचायत शामिल है। बरही पूर्वी पंचायत भवन में खुले पंचायत हेल्पडेस्क सेंटर का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान व संकुल संगठन के अध्यक्ष कबूतरी देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम का संचालन जेएसएलपीएस के समुदाय समन्वय अमरजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्प वर्षा कर व तिलक लगाकर किया गया। मौके पर प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि कोविड की दूसरी लहर एवं वर्तमान स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से स्थानीय स्तर पर पीएचडी सेंटर खोला जाना प्रवासी मजदूर के लिए वरदान साबित होगा। वे अपने क्षेत्र में सुरक्षित रहकर आ. जीविका का साधन अपना सकेंगे। वही जिप सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि श्रम सम्मान परियोजना के तहत प्रवासी मजदूरों को वापस आजीविका से जोड़ना, अपने पैतृक स्थान में रोजगार उपलब्ध कराना, सामाजिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना, जनसुनवाई के माध्यम से प्रवासी मजदूरों के समस्याओं का हल करना उद्देश्य है। वहीं सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान ने कहा कि अब कामगारों को नौकरी छूटने या कारखाने बंद होने का भय नहीं रहेगा। अपने पैतृक स्थान में पंचायत हेल्पडेस्क के माध्यम से रोजगार आसानी से पा सकते हैं। जेएसपीएलएस समुदाय समन्वय अमरजीत कुमार ने बताया कि परियोजना को प्रखंड स्तर पर मुख्य रूप से मोनोट्रिंग जेएसएलपीएस प्रखंड प्रबंधक दीपक कुमार के द्वारा की जा रही है। इस परियोजना के तहत यहां के प्रवासी मजदूर को निबंधन कराकर अनेक सरकारी योजना आजीविका से जोड़ना एवं बाहर रह रहे प्रवासी मजदूरों का ट्रेकिंग, इन्हे सहायता प्रदान करना है। मौके पर जेएसपीएल से जुड़ी दिदिया मौजूद थी।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## युवा नेता अरुण साहू ने रोमी चौक में जनसंपर्क कर लोगों की समस्या से हुए अवगत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


लोगों को संबोधित करते अरुण साहू

बरही के युवा नेता सह साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष लगातार बरही विधानसभा के हर एक क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों की समस्या से अवगत हो रहे है। शनिवार को उनका काफिला बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा (रोमी) पहुंचा। जहां लोगो से मिलकर उन्होंने अपनी भावी कार्ययोजना को बताया। बता दे की स्व तिलेश्वर साहू महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय थे। क्षेत्र के महिलाओं के लिए वह कई प्रकार के कार्य भी कर रहे थे। वहीं उन्होंने लोगो को संबोधित करते हुए कहा की आज तक बरही का नेतृत्व करने वाले राजनीतिक रोटियां सेक रहे है। बरही के विकास के मुद्दे उनकी पार्टियों से गायब हो चुकी है। आज भी बरही विधानसभा के कई ऐसे गांव है जहां लोग चुंवा से पानी पीने को मजबूर है। लेकिन इन सभी समस्याओं से बरही के जनप्रतिनिधियों को कोई मतलब नही हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा की अगर आप सभी का सहयोग मिला तो मैं अवश्य अपने पिता के अधूरे सपना को पूरा करूंगा। जहां मौके पर मौजूद लोगों ने भी उन्हें सहयोग करने का आश्वासन दिया है। मौके पर गोविंद मेहता, संभू मेहता, चुनू मेहता, कपिल देव मेहता, विकास मेहता, कौशल मेहता, संजय मेहता,विकास कुमार शर्मा, रविन्द्र नाथ शर्मा, सतराज राना, रोहित मेहता, छोटन ठाकुर, बबलू साहू, भोली पासवान, सनी गुप्ता, छोटू मेहता सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय बेंदगी में बाल सांसद का गठन, चांदनी कुमारी बनी प्रधानमंत्री, प्रिया गुप्ता शिक्षा मंत्री

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


निर्वाचित बाल संसद के मंत्री, उप मंत्री

मध्य विद्यालय बेंदगी में प्रधानाध्यपक सुरेश प्रसाद रजक की उपस्थिति में शनिवार को बाल संसद का गठन किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री चांदनी कुमारी, उप प्रधानमंत्री शिवम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री उमाशंकर राणा, उप स्वास्थ्य मंत्री निशा राणा, स्वच्छता मंत्री निशु कुमारी, उप स्वच्छता मंत्री बजरंगी कुमार, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री बंटी कुमार एवं उप सुरक्षा एवं न्याय मंत्री जया कुमारी, पोषण मंत्री शीतल कुमार राणा, उप पोषण मंत्री सागर कुमार, उपस्थिति मंत्री आशीष कुमार एवं उप उपस्थिति मंत्री रिया रानी, शिक्षा मंत्री प्रिया गुप्ता एवं उप शिक्षा मंत्री रीत कुमार चौधरी, कौशल मंत्री मीनाक्षी राणा, उप कौशल मंत्री रौशन कुमार यादव,पर्यवारन मंत्री शंकर राणा एवं उप पर्यवरण मंत्री राधा कुमारी, खेलकूद मंत्री सिमरन गुप्ता एवं उप खेलकूद मंत्री रंजीत कुमार, सूचना एवं ज्ञान संपर्क मंत्री कुलदीप कुमार एवं उपसूचना एवं ज्ञान संपर्क मंत्री मेधा कुमारी का निर्वाचन लोकतांत्रिक तरीके से वोट के आधार पर हुआ। नव गठित बाल संसद के लिए निर्वाचित मंत्री को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बाल संसद का गठन में सुरेश रजक, मोहिउद्दीन अंसारी, मुन्ना यादव, महेश यादव,उषा राम, राणा निखत, सरोज देवी, नसरीन बानो , संध्या कुमारी, रेखा कुमारी, सरिता कुमारी ने सहयोग किया।

## करियातपुर हाई स्कूल में बीस छात्रों के बीच मुखिया एवं उपमुखिया प्रतिनिधि ने किया पुस्तक वितरण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


पुस्तक वितरण करते मुखिया एवं उपमुखिया प्रतिनिधि

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में संचालित हाई स्कूल में नौवा के बीस छात्रों के बीच पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया मनोज कुमार ने कहा की आज सरकार शिक्षा के प्रति काफी गंभीर है। छात्र छात्राओं से जुड़ी हर समस्याओं का निराकरण कर रही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की शिक्षक शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर दे, हम विद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद के लिए तत्पर रहेंगे। वही उन्होंने अभिभावकों को भी अपने दायित्वों का निर्वाह करने की बात कही। पुस्तक प्राप्त करने वाले छात्रों में सुमन कुमारी, रिया कुमारी, सुहाना प्रवीण, लक्ष्मी कुमारी, पूनम कुमारी एवं सोनम कुमारी शामिल है। मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति, अध्यक्ष सकलदेव शर्मा, शिक्षक विजय कुमार दास, किशोर कुमार एवं मोहन प्रजापति मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन

### जूनियर में नेहा एव सीनियर में सोनाली का बेहतर प्रदर्शन


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोईया धमना पंचायत में संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में शनिवार को इंग्लिश कैलीग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरा से लेकर दसवां तक के बच्चों भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन दो ग्रुप में किया गया जूनियर ग्रुप और सीनियर ग्रुप जूनियर ग्रुप में कक्षा तीसरा से लेकर कक्षा छठा तक के बच्चों ने भाग लिया और सीनियर ग्रुप में कक्षा सातवां से लेकर दसवां तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों ने एक से बढ़कर एक कला को प्रस्तुत किया। जूनियर ग्रुप से नेहा कुमारी कक्षा पांचवा, जैनब प्रवीण और जिब्राइल अंसारी कक्षा छठा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंदन कुमार, राजन कुमार एवं और सोनाली कुमारी कक्षा पांचवां ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंकित राज , उज्जवल कुमार और चाहत प्रवीण कक्षा 5 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप से सोनाली कुमारी कक्षा दसवां से अंशु कुमारी और सलेहा प्रवीण और कक्षा नौवीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंजन कुमार, अमित कुमार गुप्ता और नेहा कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ज्योति कुमारी, रोशन कुमार कक्षा दसवां प्रियंका कुमारी कक्षा नौवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय प्राचार्य नितेश कुमार ने बच्चों की प्रतिभा को देखकर कहां की कैलीग्राफी का प्रयोग आजकल लोग शादी के कार्डस ग्राफिक डिजाइन हाथ के बने प्रेजेंटेशन पोस्टर निमंत्रण पत्र मेनू कार्ड बुक कवर इत्यादि पर शब्दों को उकेरन के लिए किया जाता है। इसके अलावा इसका उपयोग इंटीरियर डिजाइ. निंग, और फैशन वर्ल्ड में भी किया जाता है। मौके पर उपस्थित निदेशक टुकलाल साहू ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा, सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, शिक्षक नरेश कुमार, अजय कुमार, दाऊद अंसारी एवं शिक्षिका में प्रियंका कुमारी, कल्पना कुमारी, डिंपल कुमारी, शीला कुमारी, सरिता कुमारी, कोमल कुमारी, और कविता कुमारी ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया

## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शनिवार को देवचंदा में हुई सड़क दुर्घटना में मो दिलशाद उम्र 30 वर्ष पिता मो शमशाद घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मो दिलशाद मटवारी से शेरघाटी से बारात जा रहे थे। इसी क्रम में देवचन्दा के समीप स्क०र्पियो जानवर के चपेट में आ गया। जिसमे मो दिलशाद गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## सद्भावना विकास मंच नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को करेगी सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने शनिवार को घोषणा किया की त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सद्भावना के बैनर तले सम्मानित किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने कहा की नव. निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ेगा और दोगुने उत्साह से वह अपने क्षेत्र में काम करेंगे। जिससे हमारा बरही विकास की और अग्रसर होगा। और इस कार्य को सफल बनाने में सद्भावना की पूरी टीम सहयोग करेगी।

## प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव 2022 के लिए 27 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा भरा

### चुनावी गहमागहमी के बीच 3 दिनों में सभी उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



हजारीबाग. प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव 2022 के लिए तीन दिनों में 27 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया. शहर के जैन धर्मशाला परिसर बड़ा बाजार में नामांकन दाखिल करने के तीसरे दिन उम्मीदवार नामांकन दाखिल किया. सभी उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ नामांकन के लिए पहुंचे. अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार उमेश प्रताप, भोलानाथ सिंह, गालिब सिद्दीकी सचिव पद के लिए तीन उम्मीदवार मिथलेश मिश्रा, सुबोध मिश्रा, अमरकांत, उपाध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार उमेश राणा, अभय कुमार सिंह, अशोक नाग दीपक कुमार अभिषेक कुमार, संयुक्त सचिव पद के लिए छह उम्मीदवार देव नारायण प्रसाद नवीन सिन्हा, महेश कुमार मेहता फलक शमीम, अविनाश कुमार अंजन, अरविंद कुमार , कोषाध्यक्ष के लिए अमरनाथ पाठक, कार्यकारिणी सदस्य के लिए नौ उम्मीदवार रोहित रंजन उर्फ कुणाल, प्रमोद खंडेलवाल, रितेश कुमार ठाकुर, प्रमोद उपाध्याय, मोहम्मद शमीम अहमद, निरंजन कुमार, बबलू कुमार, संदीप कुमार सिन्हा, अमूल्यचंद्र पांडेय ने नामांकन दाखिल किया. अभी तक कुल 27 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है. 17 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया होगी. 23 जुलाई को मतदान की तिथि निर्धारित है. नामांकन पत्र बिक्री और पर्चा दाखिल करने की प्रक्रिया में पत्रकारों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया

## मध्य विद्यालय हरिजनकरमा में बाल संसद का गठन, विमला कुमारी बनी प्रधानमंत्री

### बाल संसद के माध्यम से बच्चे सांसद व मंत्रियो के कार्यो व दायित्वों को समझते है : सुरेंद्र दास

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



मध्य विद्यालय हरिजनकरमा में संवैधानिक प्रक्रिया के तहत बाल संसद का गठन किया गया। चुनाव प्रक्रिया विद्यालय सचिव सुरेंद्र कुमार दास व प्रबंधन समिति अध्यक्ष नरेश भुइयाँ के देख रेख व सहायक शिक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा संचालन में सम्पन्न हुवा। इस संदर्भ में श्री दास ने बताया कि सर्वप्रथम संवैधानिक प्रक्रिया के तहत वर्ग 3 से 8 तक के बच्चों में से 70 बच्चों का चयन बाल संसद के सदस्य के रूप में किया गया और चयनित सदस्यों के द्वारा मंत्रिमंडल का निर्माण किया गया । विमला कुमारी को प्रधानमंत्री और सूरज कुमार यादव को उप प्रधानमंत्री, अमन कुमार को स्वास्थ्य मंत्री, पम्मी कुमारी को उप स्वास्थ्य मंत्री, आयुष कुमार स्वच्छता मंत्री, संगम कुमारी उपस्वास्थ्य मंत्री, हरीश चंद्र साव सुरक्षा एवं न्याय मंत्री स्वाति कुमारी उप सुरक्षा एवं न्याय मंत्री दीपक कुमार पोषण मंत्री, डोली कुमारी उप पोषण मंत्री, झांसी कुमारी उप. स्थिति मंत्री, आकाश कुमार उप उपस्थिति मंत्री, रिमझिम कुमारी शिक्षा मंत्री, मासूम अली उप शिक्षा मंत्री, सोनाली कुमारी कौशल एवं विकास मंत्री अभिषेक कुमार उप कौशल एवं विकास मंत्री तबस्सुम प्रवीण पर्यावरण मंत्री नितेश कुमार उप पर्यावरण मंत्री, युवराज कुमार खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री, इशिका कुमारी उप खेलकूद एवं संस्कृति मंत्री, शुभम कुमार संचार एवं संपर्क मंत्री, मुकेश कुमार उप संचार एवं संपर्क मंत्री और प्रिया कुमारी को अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया । कार्यक्रम का सफल संच. ालन में विद्यालय शिक्षक रामदास राम बिंदुल देवी प्रमोद कुमार अमित कुमार और संयोजिका देवंती देवी की भूमिका रही।

## प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन, पसनौर की टीम बना विजेता





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गावां, गिरिडीह : उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय गांवा के खेल मैदान में शनिवार को प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रखण्ड प्रमुख ललिता देवी, विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह एवं +2 उच्च विद्यालय गांवा के प्रधानाचार्य सुजीत राय ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पसनौर ने +2 हाई स्कूल गावाँ को 01/00 से जीत हासिल किए वही दूसरे मुकाबले में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बिरने ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरुआ को 02/00 से हराया। तीसरे मुकाबले में +2 हाई स्कूल गावाँ ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय पीहरा से 01/00 से जीत हासिल किए वही फाइनल मुकाबला उत्क्रमित उच्च विद्यालय पसनौर तथा +2 हाई स्कूल गावाँ के बीच खेला गया जिसमें पसनौर की टीम ने गावाँ की टीम को 01/00 से हराकर विजेता बनी। इस मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श् ललिता देवी, सांसद प्रतिनिधी श्रीराम यादव, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुजीत राय, निर्णायक मण्डल में डo.अभिषेक आनन्द, अमित कुमार, अश्वनी विश्वकर्मा, अनुकूल विजय, आदित्य कुमार, अजय कुमार इत्यादि ने विजेता टीम को पुरस्कृत कर बधाई दी। अब इनमें से चुने गये खिलाड़ियों का प्रखण्ड स्तर पर चयन कर जिला भेजा जाएगा









सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गांडेय में कुशवाहा संघ प्रखंड इकाई ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला अंतर्गत गांडेय प्रखंड में कुशवाहा संघ गांडेय द्वारा ग्राम परमाडीह में पंचायत चुनाव 2022में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए मान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा मुनिया देवी मंचासीन थीं और विशिष्ट अतिथि के रुप में भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा , जिला अध्यक्ष कांग्रेस नरेश वर्मा , भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार वर्मा , जिला परिषद सदस्या प्रभा वर्मा , गिरिडीहअनुमंडल सांसद प्रतिनिधि अर्जुन वर्मा , कुशवाहा संघ के महामंत्री ओमप्रकाश महतो , कुशवाहा संघ के जिला पदाधिकारी दिगंबर प्रसाद वर्मा , भारतीय जनता पार्टी के नेता व सांसद प्रतिनिधि संदीप कुमार वर्मा मंचासिन थे।,मंच संचालक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व कुशवाहा संघ के जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र वर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मंचासिन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी को बुके देकर सम्मानित किया गया साथ ही विशिष्टअतिथियों, जनप्रतिनिधियों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यक्रम में कुशवाहा संघ गांडेय के अध्यक्ष नरेश वर्मा , कुशवाहा संघ गांडेय के संरक्षक कार्तिक वर्मा व जयनारायण वर्मा, मनोज वर्मा , मनीष कुमार वर्मा , जितेंद्र वर्मा , पर्वतपुर की मुखिया प्रमिला देवी , लखन वर्मा , पुर्व मुखिया गजकुंडा कुंती देवी , भारतीय जनता पार्टी नेत्री देवंती देवी । कुशवाहा संघ गांडेय के सभी पदाधिकारी व सदस्य सहित सभी कुशवाहा गांवों से पहुंचे सैकड़ों कुशवाहा बंधु व महिला मौजूद थे।

## प्रखण्ड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच पर मदगड़ा उच्च विद्यालय ने जमाया कब्जा

### फुटबॉल के खेल से शरीर और मन तन में आती है ताजगी: बी डी ओ





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :- प्रखंड के बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय अंडर 17 और अंडर 14 उम्र वाले उच्च विद्यालय के छात्र और छात्राओं के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच कराया गया। फाइनल प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि कान्हाचट्टी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो उपस्थित थे । श्री महतो एवं उप प्रमुख सुमन कुमार सिंह ने किक मार कर प्रतियोगिता का आगाज किय। सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच में उच्च विद्यालय मदगड़ा ने उच्च विद्यालय मनगड्ढा को शिकस्त दी और प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का चौंपियन मतगड़ा उच्च विद्यालय बना। विजेता और उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथियों ने शील्ड देकर सम्मानित किया । मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो ने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता से शरीर मजबूत होता ही है तन मन और बुद्धि भी इस प्रतियोगिता से जागृत होती है। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। वही राजपुर पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता से दोस्ती बढ़ती है, जब हम फुटबॉल के मैदान में खेलने उतरते हैं तो भले ही प्रतिद्वंदिता के भाव से खेलते हैं लेकिन यह खेल दोस्ती में बदल जाता है, कार्यक्रम को उपप्रमुख सुमन सिंह ने भी संबोधित करते हुए कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता से खिलाड़ियों में अलग किस्म का निखार आता है।मौके पर बी के प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन कुमार चौधरी, खेल टीचर ज्ञान प्रकाश कुजूर, रामनगर उच्च विद्यालय के खेल शिक्षक सन्दीप कुमार सिंह उर्फ छोटू मनगढ़ उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सुजीत कुमार राम पंचायत समिति सदस्य पति सुनील कुमार सिंह युवा ब्यवसाई सुमित कुमार केशरी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मृतक परिवार से मिले सिमराढाब मुखिया दिलिप रविदास

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड सिमराढाब पंचायत अंतर्गत बनपुरा के पाती मोदी का निधन शुक्रवार को दोपहर लगभग 12 बजे हो ग ढहया था ओ 93 वर्ष के थे उनका अचानक निधन होने से गांव में मातम छा गया ग्रामीणों ने बताया कि वे बहुत भी शांत व सामाजिक ब्यक्ति थे समाज के कार्यो में हमेशा आगे रहते थे और समाज को जब भी किसी कार्य को लेकर चर्चा होती थी उनका मार्गदर्शन होता रहता था और वे झाड़-फूक भी किया करते थे जिसमें किन्ही से कोई शुल्क तक नही लेते थे ग्रामीणों ने बताया कि उनके नही रहने से ग्रामीणों को अनेकों समस्याओं से गुजरना पड़ेगा खबर सुनते ही स्थानीय मुखिया दिलिप रविदास,पंसस दिनेश तुरी,सिकन्दर विश्वकर्मा, अरविंद कुमार,मुकुल प्रसाद,मुन्ना मोदी,गोविंद मोदी आदि सैकड़ों लोग पहुंचकर गहरा शोक ब्यक्त किया साथ ही मृतक परिवार को ढांढस बंधाया ।

## विवाहिता ने लगाया यौन शोषण का आरोप, आरोपी युवक को भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गांवा थाना क्षेत्र के पिहरा पश्चिमी से एक विवाहिता के साथ यौन शोषण करने का खबर प्रकाश में आया है। विवाहिता ने गावां थाना में आवेदन देकर कहा कि गांव के ही ऋषभ मुसहर पिता सरयू मुसहर तक. रीबन छः माह से उसके साथ जबरन यौन शोषण कर रहा था और जब महिला इसका विरोध कर रही थी तो उसे और उसके पति को जान से मारने का धमकी देता था। महिला भय से यौन शोषण सहने के लिए मजबूर थी लेकिन विगत 29 जुलाई को करीब 10:00 बजे पुनः यौन शोषण हेतु आरोपी विवाहिता के घर पहुंचा लेकिन महिला किसी प्रकार वहां से भाग निकलने में कामयाब रही। महिला ने बताया कि वह घर में अकेले रहती है उनके पति अपने रोजगार के लिए कहीं और प्रवास करते हैं। महिला अकेले डरी सहमी रहती हैं और विगत छः महीनो शोषित हो रही है, उसने स्थानीय प्रशासन से आवेदन देकर उक्त युवक पर कार्रवाई करने का मांग किया है। उक्त संबंध में गावां थाना प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी को कांड संख्या 68/2022 एंव धारा 376 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जहां पूछताछ में आरोपी घटना का सत्यापन किया जिसके बाद उक्त धारा के तहत आरोपी को जेल भेज दिया गया है।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गांडेय प्रखंड में झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का सदस्यता अभियान शुरू

### 21 जुलाई को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने को लेकर प्रखंड में आंदोलन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




आज गांडेय प्रखंड क्षेत्र में श्झारखंड ग्रामीण मजदूर सभाश (झामस) की सदस्यता अभियान की शुरुआत दुलहडीह गांव से की गई। इसकी अगुवाई करते हुए माले के प्रखंड सचिव मेहताब अली मिर्जा तथा झामस के प्रखंड संयोजक खीरू दास ने कहा कि, इस पूरे प्रखंड में ग्रामीण मजदूरों का बुरा हाल है। उनके समक्ष अनेकों समस्याएं हैं। फिलहाल सुखाड़ की स्थिति व्याप्त हो जाने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इसलिए पूरे जिले को तत्काल सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर ग्रामीण मजदूरों को राहत उपलब्ध कराने की जरूरत है। इस मौके पर उपस्थित भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव ने कहा कि, सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न होने से ना सिर्फ किसान, बल्कि किसान के खेतों में काम करने वाले ग्रामीण मजदूरों की भी स्थिति बदतर हो गई है। बारिश के कारण मनरेगा की योजनाएं नहीं चल रही, दूसरी और किसान के खेतों में मजदूरों को काम नहीं मिल रहा। कुल मिलाकर स्थिति भयावह है। सरकार को तुरंत ही इसे संज्ञान में लेकर सुखाड़ क्षेत्र घोषित करते हुए राहत बांटने की जरूरत है। मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर रोक गए कामों के अलावे नई योजनाओं को भी शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से 21 जुलाई को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने के सवाल पर गांडेय प्रखंड मुख्यालय में आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर बैठक में मौजूद लोगों ने झामस की सदस्यता ग्रहण की तथा 21 जुलाई को गांडेय चलने का ऐलान भी किया। 2 दर्जन से अधिक लोगों ने बैठक के दौरान ही झामस सदस्यता ग्रहण कर ली। मौके पर श्यामलाल मोहली, अशोक राम, रिंकू साव, डीलो दास, उमेश दास, भूषण दास, नकुल दास, कारी दास, राजकुमार दास, फागू दास, नुनुराम किस्कू, लालू दास, भीम दास, विष्णु दास, लोधन दास, काशी दास, खोसो दास, मंगरू दास, जंतु दास, कुलदीप दास, मेघलाल दास, हूरो दास, गोविंद दास, पवन दास, होरिल दास, छोटू लाल दास, नंद किशोर दास, राजकुमार दास, मनोज दास, टीपन दास, टेको दस, चिंतामन दास, का. र्तिक दास, भोला दास, मुन्नी देवी, ललिया देवी, भुखली देवी, ननकी देवी, कबूतरी देवी समेत अन्य महिला पुरुष मौजूद थे।

## सत्ता पक्ष माले के कार्य करने के तरीके को देख बौखला रहे है

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज मक़तपुर में गिरिडीह विधानसभा स्तर की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से माले के जिला सचिव पूरण महतो मौजूद थे जबकि अध्यक्षता गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा मौजूद थे। जिला सचिव पुरण महतो ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में बहुत कम दिनों में भाकपा माले का काम जनता घर घर जानने लगी है यह यहाँ के कर्मठ सदस्यो का मेहनत का नतीजा है,जो काम विपक्ष को करना चाहिए वह काम माले बखूभी निभा रहा है,जबकि सत्ता और विपक्ष जनता के सवालों पर चुप्पी मार रहे है जनता सब देख रही है,सत्ता पक्ष माले के कार्य देखकर माले को बार बार टारगेट कर रही है,माले ले प्रति जनता का झुकाव बढ़ा है,माले को टारगेट करना बंद करें माले किसी के दबाब में आकर जनता के हितों में काम करना बंद नही करेगी। बैठक में माले के जनसंगठन का विस्तार पर बात की गई इंकलाबी नौजवान सभा, आयसा झामस,किसान महासभा, एपवा,एक्टू,मोटर कामगार यूनियन आदि माले के जनसंगठन को तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया गया।, पूरन महतो ने कहा कि 21 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय में किसान ,मजदूर के सवाल पर धरना प्रदर्सन करना है,प्रशासन को ज्ञापन देना है कि गिरिडीह सुखाड़ क्षेत्र अकाल क्षेत्र घोषित किया जाय और किसानों को साल भर कैसे उनका घर और पेट चले इसका मुवावजा दिया जाय,ज्ञात हो कम वारिस की वजह से अन्नदाता किसान परेशान है। वही विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा ने कहा कि गिरिडीह विधानसभा में जनता के सवालों पर वोट ले लिए जाते है लेकिन जनता का एक भी काम नहीं हो पाता है,गरीब, किसान, मजदूर परेशान है,फैक्टरी मजदूर के साथ फेक्ट्री मालिक दोहन कर रहे है,काम करवा के पैसे नहीं दे रहे है जब मन करता है हटा रहे है,किसानों की जमीन भ. ूमाफिया से लेकर कुछ फैक्ट्री मालिक हड़प रहे है सभी क्षेत्रो में काम कर रहा है माले, युवा और बुजुर्ग से माले आवाहन करता है कि भाकपा माले को ज्वाइन करें या जो जनता के सवाल हैं उन सवालों पर भाकपा माले के बैनर तले आंदोलन में शामिल हो तभी गिरिडीह मैं कुछ सुधार हो सकता है क्योंकि सत्ता पक्ष सिर्फ बि. जनेस पर उतारू है जिसे मालिक बर्दाश्त नहीं करेगा। बैठक में मुख्य रूप से गिरिडीह विधानसभा को कई ज०न में बाटकर ,लीड़र को जॉन वॉइज कार्य संभालने दिया जाएगा,माले नए साथियो को भी तलाश रही है जिनमे नेतृत्व क्षमता है। मुख्य रूप से उपस्थित थी माले की नेत्री जिला कमिटी की सदस्य प्रीति भाष्कर, पूर्व मुखिया फूल देवी,माले नेता रंजीत यादव, उज्जवल साव,ताज हसन, एकलब्य उजाला, नासिर शेख,संगीता,निशान्त भाष्कर,मिर्तुंजय कुमार,राजा अंसारी,राजू दास,अमर प्रेम सहाय,विनोद दास,शिवम दास,मो काबिर अंसारी,मुजब्बील,रोहित दास,एकलब्य उजाला ने हरेक वार्ड में संगठ्न बनाने की बात कही है,जिसका समर्थन सबो ने किया है।प्रीति भाष्कर, फूल देवी उज्ज्वल साव,ताज़ हसन,नासिर शेख,मिर्तुंजय सिंह ने कहा कि जल्द जनता के सवालों पर सत्ता को घेरा जाएगा।

## बास्केट बॉल प्रतियोगिता का विजेता बना जेपी हाउस,

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखण्ड के नवभारत जागृति केन्द्र द्वारा संचालित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल में बॉस्केट ब०ल टूर्नामेंट का शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच से पहले चारों हाउस गाँधी, टैगोर, सुभाष और जे.पी के बीच हीट्स मुकाबला का आयोजन हुआ। पहला हिट्स (राउन्ड) का मुकाबला गाँधी एवं टैगौर तथा दूसरे हिट्स (राउण्ड) का मुकाबला सुभाष एवं जे. पी. हाउस के बीच खेला गया। गाँधी हाउस 5 अंको से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। वही जेपी हाउस 8 अंको से सुभाष को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला गाँधी हाउस एवं जेपी हाउस के बीच खेला गया। जहां जेपी हाउस ने गांधी हाउस को 9 अंको से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। जे. पी. हाउस के धनंजय कुमार को प्लेयर अ०फ द टूर्नामेंट घोषित किया गया। उन्होंने हिट्स और फाइनल दोनो मैच में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर 11 अंक अर्जित किया। इससे पहले मैच का उद्घाटन प्राचार्या रीना पाण्डेय ने टॉस के साथ प्रारम्भ की। पीटी आई शिक्षक राकेश रंजन , उमेशलाल भगत एवं सन्तोष चौरसिया ने मैच रेफ्री का काम बहुत ही अच्छी तरह से किया। जेपी एवं गाँधी के मैच कोच भोला सिन्हा एवं शंकर कुS सिह टीम को उत्साहित किया। विद्यालय के सभी शिक्षक विजेता टीम को शुभकामनाएँ दी। प्राचार्या रीना पाडेय ने सभी खिलाड़ी को अच्छे मैच प्रदर्शन पर शुभकामनाएँ दी एवं बताया कि सुरेखा के खिलाड़ी इन्टर स्कूल बास्केट ब०ल दुर्नामेंट में डी.ए.वी पब्लिक स्कूल हजारीबाग में खेलेगी। बच्चों के अच्छे प्रदर्शन पर उन्होंने खुशी जाहिर की एवं ऊँचे स्कूल में खेलने के लिए मनोबल और उत्साह भी बढ़ाया। पुरुस्कार देकर सम्मानित भी की।

## उपप्रमुख,मुखिया और समाजसेवी ने बच्चो के बीच मिक्चर बिस्किट का वितरण

### पांडेयडीह ले बच्चो के खेल के लिए फुटबॉल दिया जाएगा : मुखिया

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : यदि मन मे गरीबो के लिए कुछ करने की तमन्ना हो तो कही भी किसी मदद किया जा सकता है।गरीबो को मदद करने में विश्वाश रखते हैं राजपुर पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटु सिंह,उपप्रमुख सुमन सिंह एवं कान्हाचट्टी बाजार ले समाज सेवी अमित कुमार केशरी ने ।इन तीनो ने शनिवार को पांडेयडीह में गरीब हरिजन टोला के गरीब हरिजनों के बीच मिक्चर और बिस्किट का वितरण किया।वितरण के बाद मुखिया विकास ने कहा कि पांडेयडीह के हरिजन बच्चो को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए फुटब०ल देंगे जिससे उनको खेल के प्रति भी मन लगे।वहीँ समाजसेवी अमित केशरी ने कहा कि हमलोग गरीब बच्चों को अभियान चला कर स्कूल जाने के लिए प्रेरित करेंगे।ताकि गरीब बच्चे जिन्हें उनके अभिभावक स्कूल नहीं भेजते है उन्हें जागरूक कर बच्चो को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करेंगे।मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

